तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 27 दिसंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
बुधवारी फुट ओव्हरब्रिज में उद्योग मंत्री ने किया प्रकाश व्यवस्था का लोकार्पण



## खबर संक्षेप

### रिक्त पदों में भर्ती हेतु दावा आपत्ति आमंत्रित

**कोरबा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा ग्रामीण अन्तर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र मसान 1 में आगंनबाड़ी कार्यकर्ता के 1 पद एवं ग्राम पंचायत बरपाली के आंगनबाड़ी केन्द्र कोलिहाडीह 2 में आंगनबाड़ी सहायिका के 1 रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आवेदन मंगाये गये थे। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा (ग्रामीण) ने इस सम्बंध में बताया कि प्राप्त आवेदनों अनुसार प्रावधिक मूल्यांकन प्रत्रक जारी करते हुए कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना कोरबा (ग्रामीण), पता-सखी वन स्टाप सेंटर के आगे नर्सिंग गंगा कॉलोनी वार्ड नंबर 35 में जनपद कार्यालय कोरबा में सूची चस्पा किया गया है। इस सम्बंध में अभ्यर्थियों से 29 दिसम्बर से 9 जनवरी तक आवेदन मंगाया गया है। अभ्यर्थी निर्धारित अवधि तक कार्यालयीन समय मे परियोजना कार्यालय कोरबा ग्रामीण में दावा आपत्ति जमा कर सकते है। दावा आपत्ति में नवीन दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### सीतामढ़ी क्षेत्र में मधुमक्खियों से लोगों को खतरा

**कोरबा।** सीतामढ़ी क्षेत्र मुख्य मार्ग में सुबह लगभग 11:30 बजे उस वक्त अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया, जब यहां मधुमक्खियां हमलावर होने लगीं। बताया जा रहा है कि सीतामढ़ी मुख्य मार्ग में चंडिका मंदिर के सामने जहां हटरी लगती हैं, वहां एक पुराने पेड़ पर मधुमक्खियों ने अपना छत्ता बना लिया है। सुबह के वक्त जब लोग अपने-अपने कामकाज में व्यस्त थे और आवाजाही जारी थी, तब मधुमक्खियां झुंड में आकर लोगों पर हमला करना शुरू कर दी। मधुमक्खियों के हमले से बचने के लिए लोग इधर-उधर भागने लगे। दुकानदारों ने अपने दरवाजे बंद कर लिए लोग सिर छिपाने के लिए जगह तलाशते रहे। लगभग 15 से 20 मिनट तक यह हालात बने रहे और लोगों में भय उत्पन्न हो गया। स्थानीय निवासियों ने बताया कि यह छत्ता आम लोगों की पहुंच से दूर और निकालना आसान नहीं है। वन विभाग को चाहिए कि इस छत्ते को किसी जानकार के जरिए यहां से हटवाया जाए ताकि जान-माल की सुरक्षा हो सके।

### भाजपा मण्डल हरदीबाजार ने मनाया सुशासन दिवस

**हरदीबाजार।** भाजपा मण्डल हरदीबाजार में भारतरत्न व भूतपूर्व पूर्व प्रधानमंत्री छत्तीसगढ़ प्रदेश के निर्माता अटल बिहारी बाजपेई के जयंती को सुशासन दिवस के रूप मे मनाया गया। अन्य शक्ति केंद्र में भी सुशासन दिवस मनाया गया। साथ ही उनके जीवन, राजनीतिक सफर,व्यक्तित्व ,उनकी लिखी कविता को भी संक्षिप्त में साझा किया गया। इस अवसर पर भाजपा के जिला मंत्री अजय दुबे, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष डॉ विजय राठौड़, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष चुलेश्वर राठौर, मंडल अध्यक्ष कृष्णा पटेल, भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता शोभा सिंह जगत, मण्डल महामंत्री नवरतन सिंह राजपूत, मंडल कोषाध्यक्ष व्यास राठौर, दिनेश बाजपेई, विधायक प्रतिनिधि श्यामलाल पटेल, रामनारायण सिंह राजपूत, नारायण सिंह कंवर, सुरेश यादव, बालाराम यादव आदि कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

### राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर संपन्न

**कोरबा।** विकासखंड करतला अंतर्गत ग्राम ठरकपुर स्थित शासकीय माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालय परिसर में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का समापन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत करतला की अध्यक्ष अशोक बाई कंवर शामिल हुईं।

# फ्लोरा मैक्स मामले में एनआरएलएम की महिला समूह के 7 कैडरों को हटाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

फ्लोरा मैक्स में महिलाओं से ठगी के मामले में पूर्व गृहमंत्री द्वारा अनुसूचित जनजाति आयोग से की गई शिकायत के बाद शासन के द्वारा जिला पंचायत की एनआरएलएम शाखा को पत्र भेजकर ठगी के संबंध में कार्यवाही की जानकारी मांगे जाने पर विभाग के द्वारा बताया गया कि 7 महिला कैडरों को जो इस मामले में संलिप्त पायी गई थी उन्हें हटा दिया गया है।

ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं का समूह बनाकर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य जिला पंचायत की एनआरएलएम शाखा के द्वारा किया जाता है। इसके द्वारा समूहों का पंजीयन कर उन्हें प्रशिक्षण देने का कार्य शामिल है। एनआरएलएम के द्वारा अब तक 11 हजार 665 महिला स्व सहायता समूहों का पंजीयन किया गया है जिसमें 1 लाख 28 हजार महिला सदस्य शामिल हैं। इन सदस्यों में जो सक्रिय महिला होती है उसे कैडर बनाया जाता है जो समूह की सदस्यों को प्रशिक्षित करने के साथ उन्हें स्वरोजगार के लिए जोड़ने का काम करती है। ऐसे 25 सौ कैडर बनाई गई हैं जिन्हें 15 सौ रुपए मानदेय भी दिया जाता है। फ्लोरा मैक्स मामला जब उजागर हुआ उसमें यह जानकारी सामने आयी कि इसमें महिलाएं सबसे अधिक ठगी का शिकार हुई हैं। जब यह मामला शासन तक पहुंचा तो एनआरएलएम शाखा ने अपने स्तर पर इसकी जांच शुरु की तो लगभग 2 से ढाई हजार महिला सदस्य ठगी का शिकार हुई थी। ये वो महिला सदस्य हैं जो एनआरएलएम में पंजीकृत समूह की सदस्य हैं। एनआरएलएम शाखा ने इस स्तर पर इसके लिए 7 महिला कैडरों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए उन्हें समूह से ही बाहर कर कैडर पद से ही हटा दिया गया है। ये 7 कैडर ठगी की शिकार हुई महिलाओं को फ्लोरा मैक्स से जोड़ने का काम की थी।

## जिले में 11 हजार 665 महिला समूह हैं पंजीकृत

**खास बात**

- राज्य शासन से जिला पंचायत की एनआरएलएम शाखा से मांगी गई है जानकारी

### सब्जी उत्पादन व कृषि व्यवसाय से जुड़े हैं समूह

एनआरएलएम में पंजीकृत समूह की महिलाएं कृषि उपज के साथ सब्जी उत्पादन और आटा चक्की एवं मशरूम उत्पादन जैसे कार्य से जुड़ी हुई हैं। जिन्हें 2493 महिला कैडरों के द्वारा गांव में सामूहिक बैठक लेकर स्वरोजगार कार्य से जोड़ा जा रहा है। 9 हजार महिला समूह ऐसे हैं जिनके महिला सदस्य किसी ना किसी स्वरोजगार के व्यवसाय से जुड़ी हुई हैं।

### 7 कैडरों पर हुई कार्यवाही

फ्लोरा मैक्स ठगी के मामले में शासन से पत्र आया था जिसमें कार्यवाही की जानकारी मांगी गई थी। 7 महिला कैडरों को हटाए जाने की कार्यवाही से शासन को अवगत कराया गया है।

- चिराग ठक्कर
जिला समन्वयक एनआरएलएम

## बीते वर्ष 10 दिन का समय उठाव के लिए किया गया था निर्धारित

# धान उठाव के लिए राइस मिलर्स को मिली राहत, 15 दिन तक नहीं लगेगी पेनाल्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

धान उठाव के दौरान लेटलतीफी होने पर राइस मिलर्स के ऊपर पेनाल्टी लगाए जाने के मामले में इस वर्ष राज्य शासन ने राहत देते हुए पेनाल्टी लगाए जाने की अवधि को 10 दिन से बढ़ाकर 15 दिन कर दिया गया है। इसके बाद उठाव करने पर पेनाल्टी लगाई जाती है।

धान खरीदी के बाद उठाव के लिए राइस मिलर्स से विपणन विभाग के द्वारा अनुबंध किया जाता है और अनुबंधित राइस मिलर्स को उठाव के लिए डीओ काटकर दिया जाता है। धान उठाव के लिए शासन के द्वारा समयावधि भी निर्धारित की गई है। बीते वर्ष शासन के द्वारा समिति से धान उठाव के लिए 10 दिन की अवधि निर्धारित की गई थी। डीओ काटने के बाद राइस मिलर्स को समिति से 10 दिन के अंदर जितने क्विंटल का डीओ कटा है उतने क्विंटल का धान उठाना पड़ता है। 10 दिन के अंदर धान का उठाव नही करने पर मिलर्स के ऊपर 3 हजार रुपए की पेनाल्टी लगाए जाने का प्रावधान है। इससे राइस मिलर्स पर धान उठाव के लिए हमेशा दबाव बना रहता था। इस वर्ष से राज्य सरकार के द्वारा राइस मिलर्स को पेनाल्टी लगाए जाने की अवधि पर राहत दी है। अब राइस मिलर्स विपणन विभाग से डीओ लेने के बाद 15 दिन के अंदर धान उठाव कर सकते हैं। इतनी अवधि के बाद अगर मिलर्स डीओ लेने के बाद उठाव नहीं करते तब उनके ऊपर पेनाल्टी लगाई जाएगी।



धान उठाव करते हुए समिति प्रबंधक व कर्मचारी।

### समितियों में होने लगा धान जाम

धान उठाव की अवधि में राहत मिलने के बाद राइस मिलर्स अब अपने हिसाब से धान का उठाव कर रहे हैं। परिणाम स्वरुप अब समितियों में धान जाम की समस्या खड़ी होने लगी है। विशेषकर उन समितियों में जो जिला मुख्यालय से दूर स्थित हैं। राइस मिलर्स विपणन विभाग से डीओ लेने के बाद जिला मुख्यालय से समीप की समितियों से धान उठाव को प्राथमिकता दे रहे हैं इससे पास की समितियों से धान तो उठ रहा है किंतु जो समितियां दूरस्थ क्षेत्र में संचालित हैं वहां धान का उठाव तेज गति से नहीं हो रहा है।

### दिन के आधार पर लगती है पेनाल्टी

धान उठाव के लिए 15 दिन की अवधि कर दी गई है। इस अवधि के बाद धान उठाव करने वाले राइस मिलर्स पर पेनाल्टी लगाए जाने का प्रावधान है। दिन की अलग अलग संख्या के आधार पर पेनाल्टी लगाई जाती है।

- **ऋतुराज,** जिला विपणन अधिकारी

# युवक का मोबाइल हैक कर 5 लाख किए गायब, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अज्ञात ठगों ने एक युवक का मोबाइल हैक कर लाखों की रकम उसके बैंक खाते से गायब कर दिया गया है। जब युवक को पता चला कि उसके खाते से लाखों की राशि गायब हो गई है तब उसके होश उड़ गए है, जिसके बाद उसने इस मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने ठगी करने वाले अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत बीरेन्द्र सिंह चंदेल पिता चौहान सिंह चंदेल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 16 नवंबर को उसके मोबाइल को हैक कर यूनियन बैंक के खाते से 5 लाख 51 हजार 290 रूपये की ठगी कर ली गई, जिसकी जानकारी वीरेन्द्र सिंह को बैलेस देखने पर अपर्याप्त राशि दिखाने पर बैंक जाकर पता किया तब उसे मालूम हुआ कि उसके साथ ऑनलाईन ठगी हुई है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जिले में यह पहला मामला नहीं है इससे पहले भी इस तरह के कई तरह के मामले सामने आ चुके हैं। ठगराज मोबाइल फोन पर एपीके फाईल भेजकर मोबाइल को हैक कर लेते हैं और इस तरह की ठगी की घटना को अंजाम देते हैं। हालांकि सायबर सेल की टीम लगातार ऐसे ठगों से बचने के लिए अभियान भी चलती है, लेकिन ठगराज इतने शातिर होते हैं कि उनके झांसे में लोग आ आते हैं और ठगी के शिकार हो जाते हैं और लाखों रूपये गवां जाते हैं।

**खास बातें**

- दीपका थाना क्षेत्र का मामला
- एपीके फाइल भेजकर मोबाइल को किया जा रहा है हैक

# सब्जी बाड़ी और गन्ने की फसल को हाथी लगातार कर रहे चौपट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा वनमंडल के करतला रेंज में सक्रिय दंतैल हाथी ने बीती रात सेंद्रीपाली गांव में दो ग्रामीणों के बाड़ी में प्रवेश कर भारी उत्पात मचाया। इस दौरान दंतैल ने वहां लगे केला व अन्य सब्जी के पौधों को भी पूरी तरह तहस-नहस कर दिया है, जिससे ग्रामीणों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। दंतैल के उत्पात से प्रभावित ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग का अमला शुक्रवार की सुबह मौके पर पहुंचे और रात में दंतैल द्वारा किए गए नुकसानी आंकलन करने के साथ रिपोर्ट तैयारी की।

जानकारी के अनुसार कटघोरा व कोरबा वनमंडल में लगातार तीन दिन में तीन ग्रामीणों को मारने के बाद दंतैल करतला रेंज पहुंचा है। तीन दिन तक हाथी बड़मार क्षेत्र में विचरण करता रहा, उसके बाद पीड़िया के रास्ते सेंद्रीपाली पहुंच गया और गांव के आसपास मंडरा रहा है। हाथी ने एक दिन पहले सेंद्रीपाली में गन्ने की फसल को भी काफी नुकसान पहुंचाया साथ ही बाउंड्रीवॉल को भी तोड़ दिया। हाथी के क्षेत्र में मंडराने से ग्रामीण दहशत में हैं। वन विभाग की अलग-अलग टीम 24 घंटे निगरानी कर रही है। गांव में पहुंचकर लोगों को जागरूक करने का अभियान भी चलाया जा रहा है। उधर कटघोरा वनमंडल में 53 से अधिक हाथी मौजूद हैं। अकेला घूम रहा दंतैल ने ग्राम आमाटिकरा मोहल्ले में त्रिभुवन रावत के मकान को भी तोड़ दिया। वह अपने परिवार के साथ दूसरे कमरे में दुबका रहा। इसके पहले फुलसर और कोरबी में भी मकान को क्षतिग्रस्त किया था।

**खास बात**

- करतला रेंज अंतर्गत ग्रामीण अंचलों में दहशत में हैं लोग



# पुलिस ने चलाया ऑपरेशन शांति, 51 वारंटियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नए साल को लेकर पुलिस अभी से अलर्ट हो गई है। 31 दिसंबर व नए साल में बड़े पैमाने पर लोग जश्न मनाने के लिए सड़कों पर उतरते हैं तो पिकनिक स्पॉटों में भी भारी भीड़ रहती है। इस दौरान पुलिस की चाकचौबंद व्यवस्था रहेगी और अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस ने अभी से अभियान शुरू कर दिया है। खासतौर पर वारंटियों की धरपकड़ के लिए पुलिस पुलिस ने ऑपरेशन शांति नाम दिया है। इसी कड़ी में पुलिस ने गुरूवार की रात विशेष अभियान चलाकर 51 वारंटियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस द्वारा जिले में कानून-व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने, आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण एवं फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान ऑपरेशन शांति संचालित किया जा रहा है। नववर्ष के पूर्व कार्रवाई करते हुए पुलिस ने विभिन्न थानों के कुल 51 वारंटियों को गिरफ्तार किया, जिनमें 15 स्थायी वारंटी भी शामिल हैं। इस अभियान के अंतर्गत थाना सिविल लाइन, थाना कुसमुंडा एवं चौकी मानिकपुर ने 5-5 गिरफ्तारी वारंट तामील किए। दूसरी ओर थाना उरगा एवं थाना बालको ने 4 एवं 3 स्थायी वारंट तामील किए गए, जबकि थाना कुसमुंडा एवं थाना कटघोरा द्वारा 2-2 स्थायी वारंट की तामिली की गई। सभी वारंटी लम्बे समय से न्यायालय द्वारा जारी वारंट के बावजूद गिरफ्तारी से बचते हुए फरार थे, जिन पर कड़ी निगरानी रखकर योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई की गई। पुलिस द्वारा संचालित ऑपरेशन शांति का मुख्य उद्देश्य जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना तथा आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करना है। असामाजिक तत्वों एवं वारंटियों के विरुद्ध यह विशेष कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

**खास बातें**

- अपराधिक गतिविधियों के 15 स्थायी वारंटी भी थे शामिल
- नए वर्ष के पूर्व पुलिस चला रही है धरपकड़ अभियान



पुलिस गिरफ्त में वारंटी।

### पुलिस आम नागरिकों से की अपील

जिन व्यक्तियों के विरुद्ध वारंट लंबित हो एवं जो लंबे समय से फरार हैं, उनकी सूचना भी गोपनीय रूप से पुलिस को उपलब्ध कराएं, ताकि उनके विरुद्ध शीघ्र कार्यवाही की जा सके। किसी भी आपराधिक गतिविधि या संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी तुरंत अपने नजदीकी थाने या डायल 112 पर दें। कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें और अफवाहों पर ध्यान न दें। नव वर्ष शांति, सौहार्द एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाएं।

## कार्य शुरु होने के दौरान हटाया गया अधिकारियों को

# 4 करोड़ की लागत से बदल रही पाथा जलाशय की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांगो माचाडोली के समीप पाथा जलाशय के जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। 4 करोड़ रुपए की लागत से जलाशय की तस्वीर बदलने का कार्य शुरु किया गया है। इसमें लगे प्रभारी अधिकारियों को हटाने की भी कार्यवाही पहले की गई। जल संसाधन उपसंभाग क्रमांक 2 के अधीन चलने वाले कार्य का प्रभारी अधिकारी उप संभाग क्रमांक 01 के अधिकारियों को बनाया गया है।

सिंचाई विभाग के द्वारा पुराने जलाशयों के जीर्णोद्धार के कार्य के लिए प्रस्ताव बनाकर राज्य शासन को भेजा गया था। जिसमें स्वीकृति के बाद काम शुरु हो गए हैं। इनमें छुरी और पाथा जलाशय प्रमुख रुप से शामिल हैं। पाथा जलाशय माचाडोली क्षेत्र अंतर्गत आता है। साढ़े 4 करोड़ की लागत से कार्य किए जा रहे हैं जिसमें नहर और जलाशय के गहरीकरण के काम शामिल हैं। उक्त कार्य जल संसाधन उपसंभाग क्रमांक 02 के अंतर्गत चल रहा है। जिसकी देखरेख एसडीओ आर एन ओझा और सब इंजीनियर स्वयं अग्रवाल के द्वारा की जा रही थी किंतु बाद में उन दोनों अधिकारियों को हटाकर विभागीय अधिकारी के द्वारा जल संसाधन उप संभाग क्रमांक 01 कटघोरा के अधिकारियों को सौंपा गया है। जिन्हें जिम्मेदारी दी गई है उनमें एसडीओ के पी तिवारी और सब इंजीनियर प्रदीप कंवर शामिल हैं। जलाशय के जीर्णोद्धार और नहर निर्माण का कार्य डी ए इंटरप्राइजेस को दिया गया है। अधिकारियों को किन कारणों से बदला गया ये जानकारी सामने नहीं आयी है। निर्माण कार्य को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। ज्ञात हो कि छुरी जलाशय से निकली नहर का भी जीर्णोद्धार कार्य किया जा रहा है। सिंचाई विभाग की इन महत्वपूर्ण योजनाओं के संबंध में गंभीरता बरतना इसलिए भी आवश्यक हो जाता है क्योंकि मुख्यमंत्री ने कोरबा में ही अधूरी सिंचाई योजनाओं के लिए एक बड़ी राशि जारी करने की घोषणा भी की थी।



पाथा जलाशय में चल रहा पिचिंग का काम।

### मरार पटेल समाज का सम्मान समारोह कल

**कोरबा।** ग्राम रेकी के सामाजिक भवन में छग मरार पटेल महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष बरत राम पटेल, कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष नागेश्वर पटेल, कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष आत्मा नारायण पटेल, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष अशोक पटेल, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष गंगा पटेल, सचिव केशव प्रसाद पटेल, संयोजक रामफल पटेल, वरिष्ठ कार्यकर्ता रवि पटेल, कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राम कुमार पटेल, चारों राज के पदाधिकारी, कर्मचारी संघ पदाधिकारियों, सदस्यों की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया। 28 दिसंबर को कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा रायपुर में आयोजित उड़ान सम्मान समारोह में क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### छत से गिरे 4 वर्षीय बच्चे की मौत, पसरा मातम

**बिलासपुर।** सर्दी की धूप लेते हुए घर की छत से गिरे मासूम बच्चे की मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब घर पर बच्चे अकेले थे और माता-पिता रोजी मजदूरी करने गए थे। मोहल्ले के लोगों ने बच्चे को खून से लथपथ हालत में सिम्स पहुंचाया था। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया है। सिम्स चौकी से मिली जानकारी के अनुसार कोसला पामगढ़ निवासी किशन पटेल परिवार के साथ रजक मोहल्ला मंगला में रहता है। वह मजदूरी का काम करता है। शुक्रवार की सुबह पति-पत्नि काम के लिए घर से निकले थे। इस दौरान उसका बेटा हर्ष पटेल 4 वर्ष और बेटी छत पर खेल रहे थे। अचानक हर्ष पटेल छत से नीचे गिर गया, आसपास के लोगों ने बच्चे को खून से लतपथ देखा और उसे तत्काल सिम्स ले जाया गया। हादसे में घायल मासूम ने सिम्स पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है, जिसके बाद मोहल्ले में मातम छा गया और परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

### रामचरित मानस समागम का समापन 28 को

**बिलासपुर।** ग्राम हांफा में 24 दिसंबर से प्रारंभ श्री राम चरित मानस समागम का समापन 28 दिसंबर को होगा। कार्यक्रम आयोजन समिति के अध्यक्ष मनीराम यादव ने बताया कि 24 दिसंबर से प्रारंभ इस राम चरित मानस समागम में पं. दुखुराम दुबे व्यास मंच श्री मावली माता मंदिर परिसर हांफा में आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से महिला मंडली द्वारा हरि नाम संकीर्तन, शाम 4 बजे से स्थानीय मानस परिवारों द्वारा मानस गायन वादन किया जा रहा है। शाम 5.30 बजे से मानस मंडलियों द्वारा मानस गान प्रस्तुत कर लोगों को भक्ति रस का पान करा रहे हैं। इस आयोजन में पं. गोपाल प्रसाद तिवारी, संजय तिवारी, पं. महेन्द्र कुमार दुबे, राजाराम यादव, बृजभूषण श्रीवास, उपाध्यक्ष शत्रुहन प्रसाद उपाध्याय, चंद्रकांत उपाध्याय, आचार्य पं अवधेश तिवारी, पं. मुकेश तिवारी, संदीप मिश्रा आदि का सहयोग मिल रहा है।

### नागरिक सहकारी बैंक की निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ

**बिलासपुर।** बिलासपुर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड के संचालक मंडल के निर्वाचन प्रक्रिया शुरू हो गई है। रिटर्निंग अधिकारी आरके गुप्ता ने बताया कि 26 दिसंबर को कार्यालय में 18 नाम निदेशन पत्र प्राप्त हुए। उन्होंने बताया कि नियोजन पत्रों की जांच 29 दिसम्बर को होगी एवं नाम वापसी 30 दिसम्बर कर सकते हैं। विशेष साधारण सम्मेलन में मतदान एवं मतगणना 4 जनवरी को सुबह 9 बजे से 4 बजे तक होगा। श्री गुप्ता ने बताया कि निर्वाचित संचालकों की प्रथम बैठक 10 जनवरी को होगी, जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों का निर्वाचन रिटर्निंग अधिकारी की अध्यक्षता में किया जाएगा।

### कोचिंग के लिए चयन परीक्षा रायपुर में 28 को

**बिलासपुर।** यूपीएससी द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करने संचालित कोचिंग में पढ़ाई हेतु अभ्यर्थियों के चयन के लिए परीक्षा 28 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक राजधानी रायपुर में निर्धारित परीक्षा केंद्रों में होगी। राजीव युवा उत्थान योजना के अंतर्गत इच्छुक अभ्यर्थियों से इसके लिए पूर्व में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया था। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों को अभिलेखों के अभाव में परीक्षा में बैठने हेतु अपात्र किया गया है, उन्हें प्रावधिक रूप से उक्त परीक्षा में बैठने की अनुमति प्रदान की गई है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भर्ती दावा आपत्ति 7 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बिलासपुर अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र 170 गणेशनगर एवं केंद्र क्रमांक 80 लोधीपारा सरकंडा में कार्यकर्ता, वार्ड क्र. 22 अंतर्गत कम्पोजिट बिल्डिंग परिसर में पालना सहायिका के रिक्त पदों पर प्राप्त आवेदनों के जांच उपरांत दावा आपत्ति 7 जनवरी 2026 तक मंगाए गए हैं।


---

जिले की प्रत्येक पंचायतों में सूचना प्रकाशित

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में जन्मे बच्चों को पंचायत से भी जारी होने लगे थे सर्टिफिकेट

# गलत जानकारी देकर बर्थ सर्टिफिकेट बनवाया तो होगी कानूनी कार्रवाई

**बिलासपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में जन्में बच्चों का बर्थ सर्टिफिकेट अस्पताल से लेने के बाद बच्चे का जन्म गांव के घर में होने की सूचना देकर पंचायत से भी सर्टिफिकेट ले लेना अब महंगा पड़ सकता है। जिला योजना एवं सांख्यिकीय विभाग द्वारा इस तरह की गड़बड़ी पाए जाने के बाद सूचनादाता के खिलाफ गलत सूचना देने को लेकर कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी जारी की गई है। इस संबंध में जिले की समस्य पंचायतों में सूचना भी चस्पा कर दी गई है।




हरिभूमि में 'बर्थ सर्टिफिकेट जारी करने का गोरखधंधा, 19 सचिवों को नोटिस' शीर्षक के साथ दिनांक 13 दिसंबर को प्रकाशित समाचार को गंभीरता से लेते हुए जिला योजना एवं सांख्यिकीय विभाग ने जिले की सभी पंचायतों में इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किया गया है। इसके अंतर्गत सारी पंचायतों में इस संबंध में सूचना भी चस्पा कर दी गई है, जिसमें ग्राम पंचायत के क्षेत्राधिकार से बाहर शासकीय या निजी चिकित्सालयों में जन्म लेने वाले बच्चों का जन्म प्रमाणपत्र ग्राम पंचायत से जारी नहीं करने का उल्लेख किया गया है। इसी तरह गलत सूचना देने वाले सूचनादाताओं के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई करने की भी स्पष्ट चेतावनी दी गई है।



बर्थ सर्टिफिकेट जारी करने का गोरखधंधा, 19 सचिवों को नोटिस

बर्थ डेट में हो सकता है अंतर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में पैदा होने वाले बच्चों का बर्थ सर्टिफिकेट अस्पताल से जारी होने के बाद उन्हीं बच्चों के नाम पर ग्राम पंचायत से भी सर्टिफिकेट जारी करने के मामले में जिले के 19 सचिवों को नोटिस जारी किया गया है। एक ही बच्चे के नाम पर अलग-अलग जगहों से दो-दो बार बर्थ सर्टिफिकेट लेने की लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं।

जिले में इन दिनों एक ही बच्चे को दो-दो बार जन्म प्रमाणपत्र जारी करने का गोरखधंधा जोरों पर चल रहा है। इसके पीछे पालकों की क्या मंशा है, फिलहाल यह बात समझ नहीं आ रही है।

- अस्पताल में पैदा हुए बच्चों को पंचायत से भी दिए गए सर्टिफिकेट
- एक ही बच्चे के दो-दो सर्टिफिकेट लेने की लगातार शिकायतें

उल्लेखनीय है कि जिले के लगभग सभी विकासखंडों में पंचायत सचिवों के द्वारा विगत लंबे समय से ऐसे बच्चों को भी बर्थ सर्टिफिकेट जारी किए जा रहे थे, जिनका जन्म शासकीय या निजी अस्पतालों में हुआ है, और संबंधित अस्पतालों से बच्चों को बर्थ सर्टिफिकेट पहले से ही जारी किए जा चुके थे।

इस संबंध में जिला योजना एवं सांख्यिकीय विभाग द्वारा जिले के 19 सचिवों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया था, जिसमें सारे सचिवों ने सूचना दाता के द्वारा गलत जानकारी देकर प्रमाणपत्र बनवा लेने की बात कही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए विभाग द्वारा अब स्पष्ट निर्देश जारी कर कड़ाई से पालन करने की अन्यथा कार्रवाई की चेतावनी जारी की है।

### मृत्यु प्रमाणपत्र के लिए भी यही नियम लागू

बर्थ सर्टिफिकेट की तरह ही मृत्यु प्रमाणपत्र के लिए भी यही नियम लागू किया जाना है। यदि किसी भी व्यक्ति की मृत्यु पंचायत सीमाक्षेत्र के बाहर शासकीय या निजी अस्पतालों के अलावा अन्यत्र कहीं भी होती है, तो भी संबंधित का मृत्यु प्रमाणपत्र पंचायत से जारी नहीं किया जा सकेगा।

### लोगों में आएगी जागरुकता

इससे लोगों में जागरूकता आएगी और दोहरी पंजीयन की संभावना नहीं होगी।

**-एनके नेताम**, उपसंचालक, जिला योजना एवं सांख्यिकीय विभाग

---

जांच के बाद निगम ने की कार्रवाई, सुपरवाइजर का तबादला, 14 दिन बाद भी रिलीव नहीं

# पंप हाउस में गाड़ियों की मरम्मत के नाम पर लाखों का घोटाला, पुराना सामान लगाकर नए का बिल निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ट्रांसफर सूची जारी होने के 14 दिन बाद भी वाहन शाखा के चर्चित सुपरवाइजर को आज तक रिलीव नहीं किया गया है। इसके विरोध में स्वायतशासी कर्मचारी संघ ने निगम आयुक्त और महापौर को ज्ञापन सौंपा है। ध्यान रहे कि वाहन शाखा के सुपरवाइजर दैनिक वेतन भोगी राजूराम साहू को जोन क्रमांक 3 में अटैच किया गया है। साथ ही सहायक उपनिरीक्षक जय प्रकाश दुबे को वाहन शाखा के सुपरवाइजर का दायित्व सौंपा है। आदेश के विशेष टीप में लिखा गया है कि यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। यह आदेश 12 दिसंबर को जारी किया गया था लेकिन इसका पालन नहीं किया जा सका है।

- स्वायतशासी कर्मचारी संघ ने निगम आयुक्त और महापौर को ज्ञापन सौंपा

गौरतलब है कि नगर निगम के पंप हाउस में गाड़ियों की मरम्मत के नाम पर गड़बड़ी के आरोप लगे हैं। खास बात है कि यह आरोप यहीं के कर्मचारियों ने लगाया है और इसकी शिकायत महापौर, निगम कमिश्नर से लेकर अपर कमिश्नर तक से की गई है। मामले में जांच के आदेश भी दे दिए गए हैं। कर्मचारियों का कहना है कि गाड़ियों में पुरानी टायर की जगह पुराना सामान लगाते हुए नए का बिल निकाला जा रहा है। यहां पदस्थ सुपरवाइजर द्वारा ही बिना किसी जरूरत के फर्जी बिल बनाकर उसका भुगतान लिया जा रहा है जबकि जिन गाड़ियों को सुधार की जरुरत है, उसके लिए राशि नहीं होने का बहाना बनाया जा रहा है। इस कारण गाड़ियां पंप हाउस में खड़ी हैं और निजी गाड़ियों का उपयोग काम के लिए किया जा रहा है। इन गाड़ियों के नाम पर भी हजारों की रकम की बंदरबांट हो रही है।






नगर निगम पंप हाउस में खड़े खराब ट्रक।

### 20 से अधिक गाड़ियां हुईं कबाड़

ध्यान रहे कि नगर निगम के अधिकारियों ने कुछ साल पहले 2 वैक्यूम क्लीनिंग मशीनें खरीदी थी। लाखों की लागत से खरीदी गई 1 क्लीनिंग वैक्यूम मशीन का उपयोग भी नहीं हुआ है और नगर निगम के पंप हाउस में खड़ी-खड़ी कंडम हो गई। इसी तरह 20 से अधिक गाड़ियां कबाड़ हो गईं और निगम ने ध्यान नहीं दिया। अभी भी निगम के पंप हाउस में कई गाड़ियां कबाड़ हो रही हैं, जिनमें स्वीपिंग मशीन, ट्रैक्टर, डंपर और एक्सवेटर शामिल हैं। यह गाड़ियां लाखों रुपए की हैं और कबाड़ होने की वजह से इनका नुकसान हो रहा है। ज्ञात हो कि निगम के पास 111 गाड़ियां हैं। इनमें 11 अग्निशमन यंत्र, 10 जेसीबी, 8 ट्रैक्टर, 10 डंपर के अलावा अन्य वाहन शामिल हैं। इनमें से कई के रिकॉर्ड भी गायब हो चुके हैं।

### गड़बड़ी की जांच अधूरी

ध्यान रहे कि इससे पहले वार्ड क्रमांक 2 की पार्षद सीमा संजय सिंह ने निगम के जोन क्रमांक 2 के एक अधिकारी पर निगम की संपत्ति को कबाड़ी को बेचने का गंभीर आरोप लगाते हुए निगम कमिश्नर को लिखित शिकायत सौंपी है। शिकायत के बाद जांच के आदेश दिए गए थे लेकिन उसकी रिपोर्ट अभी तक नहीं आई है।

### जांच करने कहा गया

निगम के दैवेभो कर्मचारियों ने वाहन शाखा में मरम्मत के नाम गड़बड़ियों की शिकायत की है। इसकी जांच कराने के आदेश दिए गए हैं। यह भी जानकारी ली जा रही है कि किन गाड़ियों में समस्या है। उन्हें सुधारा जाएगा। सुपरवाइजर को रिलीव किया जा रहा है।

**- श्रीमती पूजा विधानी**, महापौर

---

# एक टेंडर के इंतजार में बर्बाद हो गया एनएचएआई का रेस्ट एंड सर्विस एरिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर-रतनपुर एनएच पर मदनपुर के पास बनाया गया रेस्ट एंड सर्विस एरिया बीते दो साल से खंडहर के रूप में खड़ा है। इसके जीर्णोद्धार के लिए एनएचएआई द्वारा विगत महीनों में जल्द टेंडर कर केयरटेकर नियुक्त करने की बात कही गई थी, लेकिन आज दिनांक तक टेंडर ही प्रक्रिया में उलझकर रह गया है।

- टेंडर प्रक्रिया में होने का महीनों से झुनझुना

एनएचएआई द्वारा बिलासपुर से रतनपुर के बीच मदनपुर गांव में पावर ग्रिड के ठीक सामने बनाए गए रेस्ट एंड सर्विस एरिया सेंटर की दुर्गति हो चुकी है। एनएचएआई की नीतियों के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्गों में लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को आराम देने के उद्देश्य से एक निश्चित दूरी पर रेस्ट एंड सर्विस एरिया स्थापित किया जाता है। इसी के अंतर्गत मदनपुर गांव में एनएच पर बनाए गए इस सेंटर में सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थी। इसमें आराम करने के लिए हॉल, भोजन व्यवस्था के लिए किचन, रेस्टोरेंट, बाथरूम एवं कुछ देर टहलने के लिए गार्डन भी बनाया गया था। इस सेंटर को कुछ समय तक तो चलाया गया, लेकिन बीते दो साल से रखरखाव के अभाव में यह फिलहाल खंडहर के रूप में तब्दील हो चुका है। सेंटर से सारे विद्युत उपकरण चोरी किए जा चुके हैं, वहीं अब फिलहाल यहां जानवरों का कब्जा है। कुछ महीनों पूर्व एनएचएआई के अधिकारियों द्वारा बताया गया था कि इसका टेंडर नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक मैनेजमेंट लिमिटेड के द्वारा दिल्ली से किया जाना है, जो कि प्रक्रिया में भी है। इसके विपरीत आज दिनांक तक टेंडर की प्रक्रिया शायद कागजों में प्रक्रिया तक ही सीमित होकर रह गई है।

### टेंडर प्रक्रिया में है

जब तक टेंडर नहीं हो जाता सेंटर की व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हो सकता। टेंडर एनएचएलएमएल द्वारा किया जाना है, जो कि प्रक्रिया में है।

**-राजेश्वर सूर्यवंशी**, मैनेजर टेक्निकल एनएचएआई

---

# शिक्षकों की ड्यूटी एसआईआर में, टालनी पड़ी अर्धवार्षिक परीक्षाएं, अब जनवरी में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शिक्षकों की एसआईआर ड्यूटी के चलते दिसंबर में होने वाली प्राइमरी और मिडिल स्कूलों की अर्धवार्षिक परीक्षाएं अब अगले साल जनवरी माह में होंगी। ध्यान रहे कि तिमाही परीक्षा में स्कूल स्तर पर प्रश्न तैयार किए गए थे जबकि अर्धवार्षिक परीक्षा के लिए राज्य स्तर पर प्रश्न पत्र भेजे जाएंगे।

- अर्धवार्षिक परीक्षा के लिए राज्य स्तर से प्रश्न पत्र भेजे जाएंगे

शीतकालीन अवकाश समाप्त होने के कुछ समय बाद विद्यार्थियों को परीक्षा देनी होगी। राज्य स्तर से मिले प्रश्नपत्र में प्रश्न के साथ ही उत्तर लिखने के लिए भी जगह होगी। प्रदेश के शासकीय प्राइमरी और मिडिल स्कूलों में शैक्षणिक कैलेण्डर के अनुसार छमाही परीक्षा का आयोजन दिसंबर के दूसरे सप्ताह में होना था। इस बीच मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण कार्य शुरू हो गया था जिसमें काफी संख्या में शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई। ऐसे में सरकारी स्कूलों में प्रधान पाठक के अलावा कोई नहीं था। इसलिए अर्धवार्षिक परीक्षा का समय जनवरी में कर दिया गया है।

### प्री बोर्ड परीक्षा लेने की तैयारी भी जारी

वहीं बोर्ड कक्षाओं वाले हाई और हायर सेकेण्डरी स्कूलों की अर्धवार्षिक परीक्षा शाला स्तर पर आयोजित की जानी थी। इसलिए उक्त परीक्षा शैक्षणिक कैलेण्डर के अनुसार हो चुकी है। 9 से 12वीं कक्षा में अर्धवार्षिक परीक्षा होने के बाद बोर्ड के छात्रों की अगले माह प्री बोर्ड परीक्षा लेने की तैयारी की जा रही है। उसके लिए विषय विशेषज्ञ प्रश्न तैयार करेंगे।

### स्कूलों में ही हुई थी तिमाही परीक्षा

गौरतलब है कि प्राइमरी और मिडिल स्कूलों में तिमाही परीक्षा के लिए राज्य स्तर से प्रश्न-पत्र जारी नहीं किए गए थे। इसलिए उक्त परीक्षा स्कूल स्तर पर आयोजित की गई थी। इसमें ब्लैकबोर्ड में प्रश्न लिखकर बच्चों से कापियों के पन्ने से उत्तर लिखवाया गया था। अब अर्ध वार्षिक परीक्षा में पूरे राज्य के छात्रों के लिए एक बराबर पेपर जारी करने का निर्णय लिया गया है।

---

### बदमाशों के पर प्रतिबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई

**बिलासपुर।** कानून व्यवस्थाओं को चुनौती देते हुए असामाजिक गतिविधियों में शामिल होने वाले दो आरोपियों के खिलाफ कोनी पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपियों पर प्रतिबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। थाना क्षेत्र में शांति,कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार गुंडे बदमाशों पर कार्रवाई की जा रही है। इसी अनुक्रम में कोनी पुलिस द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर शांति कायम,अपराध घटित होने से रोकने व आमजनों की सुरक्षा के मद्देनजर 2 बदमाशों के खिलाफ धारा 170 बीएनएसएस के अंतर्गत कार्यवाही की गई। इस दौरान वीरेंद्र पात्रे पिता स्व रामकुशल पात्रे उम्र 41वर्ष, बादल चतुर्वेदी पिता सोनू चतुर्वेदी उम्र 18वर्ष निवासी सेंदरी थाना कोनी पर कार्रवाई की गई है।

---

# शराब के लिए रूपए मांगने वाले बदमाशों को पुलिस ने भेजा जेल

**बिलासपुर।** शराब पीने के लिए रूपए मांगने और नहीं देने पर मारपीट करने वाले बदमाशों को रतनपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इससे पहले पुलिस ने रतनपुर में बदमाशों का झुलुस भी निकाला और सबक सिखाया है।

मामले के अनुसार करैहापारा रतनपुर का रहने वाला विक्कू रावत अपने साथियों के साथ आकर शराब पीने के लिये मदनपुर निवासी राहुल साहू से रूपए की माँग कर रहा था, इस दौरान राहुल ने रूपए देने से मना कर दिया। जिसपर आरोपी विक्कू रावत अपने साथी के साथ राहुल के गला को गमछे से दबाकर अश्लील गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दी और लात-मुक्का से मारपीट किया। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी राहुल ने रतनपुर थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने बदमाशों को पकड़ने टीम गठित की और आरोपी विकास ऊर्फ विक्कू रावत राजेन्द्र रावत उम्र 22 वर्ष व उसके साथी हिरेन्द्र कुमार कश्यप पिता स्व कृष्ण कुमार कश्यप उम्र 32 वर्ष को चंद घंटो में गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान आरोपियों को पुलिस ने सरेराह जुलुस भी निकाला है। आरोपियों को जेल दाखिल कर दिया गया है।



आरोपियों की पुलिस ने निकाली बारात।

---

नए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति का मामला अटका

# शहर व जिला अध्यक्ष बदल गए पर ब्लॉक अध्यक्ष पुराने ही कर रहे काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कांग्रेस संगठन में संगठन सृजन अभियान तहत चलाया गया, जिसके तहत पुराने शहर अध्यक्ष व जिलाध्यक्ष बदल दिए गए हैं और उनकी जगह पर नए शहर अध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष की नियुक्ति हो गई है।

कांग्रेस में शहर और जिलाध्यक्ष तो बदल गए, किन्तु ब्लॉक अध्यक्ष अभी भी पुराने ही काम कर रहे हैं, जबकि ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति के लिए तीन माह पहले ही पर्यवेक्षकों ने रायशुमारी कर अपनी रिपोर्ट दे दी थी। कांग्रेस में संगठन सृजन अभियान तहत ब्लॉक अध्यक्ष से लेकर शहर व जिलाध्यक्ष बदले जाने थे और उनकी जगह पर नई नियुक्तियां होनी थी। ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति के लिए तीन पहले सितंबर महिने में रायशुमारी और दावेदारी की प्रक्रिया हुई थी, जबकि शहर अध्यक्ष और जिलाध्यक्ष ग्रामीण पद के लिए उसके बाद अक्टूबर माह में पर्यवेक्षक रायशुमारी करने आए थे। शहर कांग्रेस अध्यक्ष एवं जिला ग्रामीण अध्यक्ष पदों पर नई नियुक्ति हुए माहभर होने जा रहा है, जबकि ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति अभी अटकी हुई है। ब्लॉक अध्यक्ष के लिए जो पर्यवेक्षक संगठन की ओर से भेजे गए थे। पर्यवेक्षक द्वारा बंद कमरे में कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं सहित दावेदारों से रायशुमारी की थी और कई दावेदारों ने अपना बायोडाटा, आवेदन भी जमा किया था। रायशुमारी के दौरान जातिगत समीकरण पर भी ध्यान दिया गया था।

- तीन माह पहले पर्यवेक्षकों ने की रायशुमारी

पर्यवेक्षक ने यहां अपने स्तर पर रायशुमारी करने के बाद रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंप दी थी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी से सूची अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पास जाएगी और वहां से एप्रुवल के बाद नए ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति होनी थी। लेकिन अभी तक ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति अटकी हुई है और इधर ब्लॉक अध्यक्ष पद के दावेदार नियुक्ति लिस्ट का इंतजार कर रहे हैं।

### शहर चार ब्लॉकों के लिए इनकी दावेदारी

शहर अंतर्गत चार ब्लॉक है जिनमें ब्लॉक एक के अध्यक्ष पद के लिए वर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष जावेद मेमन सहित युवा कांग्रेस गौरव दुबे दावेदार के रूप में माने जा रहे हैं। ब्लॉक दो में जूनाबिलासपुर, दयालबंद, टिकरापारा जैसे इलाका आते हैं। यहां पर वर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद शुक्ला समेत शशि देवांगन, अखिलेश गुप्ता, गजेन्द्र श्रीवास्तव आदि दावेदार हैं। ब्लॉक तीन में मनोज शर्मा , सूर्यमणि तिवारी और देवेन्द्र मिश्रा, हितेश देवांगन, विकास ठाकुर आदि ने दावेदारी की है। ब्लॉक चार में रेलवे का क्षेत्र आता है और इस ब्लॉक से वर्तमान अध्यक्ष मोती थारवानी समेत जित्तू यादव, बंटी सिंह ने दावेदारी की है।

### 309 ब्लॉक अध्यक्षों की होगी नियुक्ति

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के शहर व जिला मिलाकर 41 संगठन अध्यक्ष हैं। माहभर पहले ही अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के एप्रुवल बाद पूरे 41 संगठनों के अध्यक्ष बदले गए हैं और उनकी जगह पर नए अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। इसी तरह प्रदेश में कांग्रेस संगठन 309 ब्लॉक आते हैं, जिनमें बदलाव के बाद नए ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति होनी बाकी है।

---

# भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

सनावल क्षेत्र में दोपहर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद वाड्रफनगर अस्पताल से रेफर कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम सनावल के तीन युवक बाइक से डिंडो की ओर से सनावल की ओर जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार डिंडो हाई स्कूल के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा विमलापुरम–सनवाल मार्ग से आ रहे ट्रैक्टर से बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटनास्थल पर सड़क के एक ओर रेत व गिट्टी तथा दूसरी ओर धान का पुआल रखा होने के कारण सड़क संकरी हो गई थी, जिससे यह हादसा हुआ। बाइक व ट्रैक्टर की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार के हेलमेट के भी टुकड़े-टुकड़े हो गए थे। दुर्घटना में बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इस बीच मार्ग से गुजर रहे भाजपा नेता कृपाल कुशवाहा ने घायलों को पिकअप वाहन से तत्काल वाड्रफनगर अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की।

## खबर संक्षेप

### नर्सिंग कॉलेज में वीएम कार्नीवाल एसएनए इवेंट सेलीब्रेशन का आयोजन



**बिश्रामपुर।** वीएम कालेज ऑफ नर्सिंग परिसर में वीएम कार्नीवाल एसएनए इवेंट महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया,,इस इवेंट के तहत सारे विद्यार्थियों को चार ग्रुप में बांटा गया था,जिसमें कालीस्टा रॉय ग्रुप,रोजर्स ग्रुप,फ्लोरेंस ग्रुप एवं आरेम्स ग्रुप सम्मिलित थे,वीएम कार्नीवाल एसएनए इवेंट के तहत प्रथम दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया और चारों ग्रुप द्वारा फ्लैग मार्च किया गया,दूसरे दिवस कालीस्टा रॉय ग्रुप,रोजर्स ग्रुप,फ्लोरेंस ग्रुप एवं आरेम्स ग्रुप का आपस में खो-खो एवं कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रथम दो विजयी ग्रुप का आपस में पुन मैच करवाते हुए विनर घोषित किया गया,तीसरे दिवस टूगवार रिले रेस एवं जलेबी रेस का आयोजन उक्त चारों ग्रुप के मध्य किया गया,चौथे दिवस चारों ओर ग्रुप के मध्य आउट डोर के तहत जेवलीन थ्रो एवं डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता आयोजित की गई और समसामायिक विषयों पर डिबेट भी किया गया,अगले दिवस परिसर में ही चारों ग्रुप द्वारा विभिन्न खाद्य सामग्रियों का स्टॉल लगाया गया और चारों ग्रुप के मध्य क्वीज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई,कार्यक्रम के अंत में छात्र छात्राओं द्वारा एक-दूसरे को क्रिसमस गिफ्ट देकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया,इस अवसर पर गोपाल सिंह विद्रोही,पप्पू मिश्रा,सुनील नारायण अतिथि के रूप में उपस्थित थे,कॉलेज के संचालक विजयराज अग्रवाल के मार्गदर्शन में कार्यक्रम किया गया,कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभारी प्राचार्य संतोष सिंह एवं स्टाफ सक्रिय रहे।

### आयुष स्वास्थ्य मेला में 305 लोगों को किया गया स्वास्थ्य परीक्षण



**सोनगरा।** विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला एवं जनजागरूकता शिविर का आयोजन नगर पंचायत जरही में किया गया। जिला आयुष अधिकारी के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर की जिम्मेदारी शिविर प्रभारी डॉ. रुद्र प्रताप राजवाड़े ने संभाली। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत के पार्षद विवेक सिंह, सियाराम राजवाड़े एवं रामकुमार राजवाड़े की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन एवं धन्वंतरी स्तवन के साथ हुआ। शिविर में वात व्याधि, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, सर्दी-खांसी, ज्वर, स्त्री रोग, बाल रोग, उदर एवं चर्म रोग सहित अन्य बीमारियों से पीड़ितों को आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक विशेषज्ञों द्वारा परामर्श प्रदान किया गया। साथ ही रोगियों को निःशुल्क औषधियों का वितरण किया गया। शिविर में 305 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। अतिथियों एवं रोगियों को आयुष काढ़ा भी पिलाया गया। शिविर में डॉ. राखी केसरवानी, डॉ. निलेश सिंह सिकरवार, डॉ. स्वाति पटेल, डॉ. रितु नेताम, कमलेश सोनी, फार्मासिस्ट राकेश पाण्डेय सहित देवेंद्र सिदार, भूपेश सिदार, मोहित राम, अवध लाल सिंह, इंद्रावती भगत सहित अन्य मौजूद रहे।

### सरस्वती शिशु मंदिर बड़सरा में हुआ मातृ सम्मेलन



**भैयाथान।** सरस्वती शिशु मंदिर बड़सरा में सप्त शक्ति संगम, मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मातृशक्ति को जागरूक करना, सामाजिक एवं पारिवारिक मूल्यों का प्रबोधन करना तथा राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की सशक्त भूमिका को रेखांकित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व जनपद सदस्य सुरुचि साहू, बबीता पैकरा, सविता साहू एवं गुलाब कुंवर द्वारा दीप प्रज्वलन, दीप वंदना एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम में कुटुम्ब प्रबोधन विषय पर बबीता पैकरा ने विस्तृत जानकारी दी। पर्यावरण संरक्षण पर प्रज्ञा जायसवाल ने सारगर्भित विचार व्यक्त किए, वहीं भारत के विकास में महिलाओं का योगदान विषय पर सविता साहू ने उद्बोधन दिया। मातृ सम्मेलन के दौरान महिलाओं के लिए प्रश्नोत्तरी, कुर्सी दौड़ एवं साड़ी मोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## निधन

### मालती सिंह कुशवाह



**कोरबा।** नगर निगम के वार्ड क्रमांक 16 पंप हाउस झोपड़ीपारा निवासी अनार सिंह की धर्मपत्नी मालती सिंह कुशवाह 61 वर्ष का शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे पति समेत दो पुत्र एवं एक पुत्री से भरापूरा परिवार छोड़ गई। अंतिम संस्कार शनिवार को पंप हाउस स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### उद्योग मंत्री एवं ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन

# सर्वमंगला जोन के 5 वार्डों में 1 करोड़ 55 रूपए के विकास कार्यों लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम के सर्वमंगला नगर जोनांतर्गत 5 वार्डों को 1 करोड़ 55 लाख रूपये के विकास कार्यों की सौगात प्राप्त हुई। उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर श्रीमती की अध्यक्षता में आयोजित इन विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया गया। इनमें से 1 करोड़ 10 लाख रूपये के विकास कार्यो का भूमिपूजन व 44 लाख 29 हजार रूपये के विकास कार्यो का लोकार्पण सम्पन्न हुआ। इस मौके पर सभापति नूतन सिंह ठाकुर सहित निगम के पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण विशेष रूप से उपस्थित थे।



विकास कार्यों का शिलान्यास व भूमिपूजन करते उद्योग मंत्री।

नगर निगम द्वारा वार्ड क्र. 64 सर्वमंगलानगर जोन अंतर्गत स्थित प्राथमिकता शाला इमलीछापर में 31 लाख 30 हजार रूपये की लागत से नवीन भवन का निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 65 आनंद नगर भैरोताल में लोहारघाट खोलर नदी के किनारे सार्वजनिक उपयोग हेतु 15 लाख रूपये की लागत से मंगल भवन निर्माण, वार्ड क्र. 66 अंतर्गत सेन्द्री दफाई से रेलवे दफाई तक 15 लाख रूपये की लागत से सी.सी. रोड निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 61 बरमपुर शिव मंदिर से ठाकुरदिया देव स्थल चैक तक 20 लाख रूपये की लागत से सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 61 कुसमुण्डा मिनी स्टेडियम वैशाली नगर में 10 लाख रूपये की लागत से सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 62 अंतर्गत सर्वमंगला नगर दुरपा मंझवार मोहल्ला में 10 लाख रूपये की लागत से मंगल भवन एवं नाली निर्माण कार्य, नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत सर्वमंगला नगर जोन अंतर्गत 03 शासकीय स्कूलों में 09 लाख रूपये की लागत से किचन शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर श्रीमती के द्वारा किया गया।

#### इन विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण

वार्ड क्र. 65 अंतर्गत कपाटमुड़ा में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला भवन में 16 लाख 58 हजार रूपये की लागत से नवीन भवन का निर्माण कराया गया है, सर्वमंगला मंदिर के पास स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अंतर्गत 17 लाख 71 हजार रूपये की लागत से आकांक्षीय शौचालय का निर्माण कार्य भी किया गया है तथा वार्ड क्र. 62 अंतर्गत बजरंग चैक छोटे दशहरा मैदान के पास 10 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण हुआ है, इन तीनों कार्यो का लोकार्पण भी उद्योग मंत्री श्री देवांगन व महापौर श्रीमती राजपूत के करकमलों से सम्पन्न हुआ।

#### भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन देने का कार्य कर रही सरका

उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में प्रदेश सरकार राज्य में विकास के साथ-साथ सुशासन व भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन देने का कार्य कर रही हैं, सम्पूर्ण प्रदेश विगत दो वर्षो के दौरान प्रदेश में जहॉं एक ओर विकास को तेज गति प्राप्त हुई है, वहीं दूसरी ओर आमजनता के हितों के मद्देनजर दर्जनों जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिला खनिज न्यास मद की एक बड़ी सौगात हम सबको दी है, आज जिला खनिज न्यास मद से शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक पैमाने पर विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में हमारा देश सभी क्षेत्रों में तेजी से प्रगति कर रहा है तथा विकसित भारत का सपना साकार होने की ओर है।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह



पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा के द्वारा टी पी नगर स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की प्रथम पुण्य तिथि मनाई गई। कार्यक्रम में सर्वप्रथम डॉ. मनमोहन सिंह के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि डॉ.मनमोहन सिंह 2004 से 2014 तक भारत के प्रधान मंत्री रहे। डॉ.मनमोहन बहुमुखी प्रतिभा संपन्न महान पुरूष थे। मानवीय संवेदनाओं से भरपुर महान राजनीतिज्ञ एवं मानवतावादी, नेता थे।

श्री अग्रवाल ने कहा कि दुनिया के महान अर्थशास्त्री, भारत को बुलंदियों की रास्ता दिखाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री सरदार मनमोहन सिंह का आज से एक वर्ष पहले आज ही के दिन 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। कार्यक्रम में डॉ. मनमोहन सिंह को याद करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर, पूर्व जिला अध्यक्ष नत्थुलाल यादव, नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहु, उप नेता प्रतिपक्ष डॉ. रामगोपाल कुर्रे, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष एवं पार्षद नारायण कुर्रे, पूर्व पार्षद पालुराम साहु, मनकराम साहु, प्रदीप जायसवाल, डॉ.रामगोपाल यादव, जिला कांग्रेस कोषाध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि विनोद अग्रवाल,चंद्रकांत यादव एवं सुरेश कुमार अग्रवाल ने डॉ. मनमोहन सिंह के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# युवा श्रेष्ठ संस्कार और राष्ट्र प्रेम संकल्प के साथ आगे बढ़ें : चौहान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अखिल विश्व गायत्री परिवार युवा संगठन के द्वारा स्वामी आत्मानंद हिंदी मध्यम हायर सेकेंडरी स्कूल बिंझरा राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर लखनपुर में युवा प्रकोष्ठ प्रमुख रमाकांत साहू, संयोजक विजेंद्र यादव के नेतृत्व में, महत्वपूर्ण विषय पर वर्कशॉप संपन्न किया गया। जिसमें जीवन लक्ष्य को कैसे प्राप्त करें, राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका एवं नशा मुक्ति पर डिवाइन वर्कशॉप कार्यक्रम संपन्न किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री मंत्र से की गई। इस मौके पर शिविर स्थल पर युवाओं को संबोधित करते हुए दिया छत्तीसगढ़ कन्हैया चौहान ने कहा कि जीवन में एक लक्ष्य निर्धारित करें और उसे लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु निरंतर



मेहनत और पुरुषार्थ करें अच्छा व्यक्तित्व, श्रेष्ठ संस्कार और राष्ट्र प्रेम संकल्प के साथ मार्ग में आगे बढ़ें। इस मौके पर युवा प्रकोष्ठ प्रमुख रमाकांत साहू ने बच्चों को नशा मुक्ति का संदेश देते हुए कहा कि मनुष्य जीवन एक सौभाग्य की तरह इसे सौभाग्य की तरह जिएं। व्यर्थ के चीजों से दूर रहें। नशा मनुष्य ही नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए भी बड़ा खतरा है। स्वयं को परिवार को और इस राष्ट्र को नशा मुक्त करने का संकल्प लें। कार्यक्रम के अंतिम अवसर पर दिया। छत्तीसगढ़ विस्तारक खिलावन पटेल ने बच्चों को जीवन निर्माण से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण बातें बताई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ विश्वनाथ कश्यप, विद्यालय प्राचार्य जे .एस .मानसर, आयुर्वेद अधिकारी तृप्ति तिवारी, डिवाइन ग्रुप दिया के प्रमुख सदस्य विस्तारक मुख्य वक्ता कन्हैया चौहान, युवा प्रकोष्ठ प्रमुख रमाकांत साहू, खिलावन पटेल, राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर प्रभारी एवं युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सेंट ज़ेवियर्स पब्लिक स्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सेंट ज़ेवियर्स पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्व रितंभरा विद्यालय के शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं नैतिक विकास की यात्रा में वार्षिक उत्सव का विशेष महत्व होता है। इसी क्रम में सेंट ज़ेवियर्स पब्लिक स्कूल कोरबा में अत्यंत हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में 25वाँ वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, विशिष्ट अतिथि जुरावन सिंह ठाकुर, समाजसेवी की उपस्थिति रही। साथ ही विद्यालय के चेयरमेन प्रमोद झा, डायरेक्टर प्रांजल झा, प्रबंधक-डॉ.डी.के.आनंद, प्रभारी प्राचार्य श्रीमती रीता मुखर्जी एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्तिथि में माँ सरस्वती की प्रतिकीर्ति पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के डायरेक्टर प्रांजल झा ने विद्यालय का वार्षिक रिपोर्ट देते




सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

हुये उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागतीय उद्बोधन दिये। उन्होंने कहा कि विद्यालय के बच्चों को उनके शैक्षणिक स्तर को ऊंचा करने में विद्यालय हर संभव प्रयास कर रही है। विद्यालय से प्रत्येक वर्ष आईआईटी, मेडिकल एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से बच्चे आगे बढ़ रहे हैं। इस विद्यालय से पढ़कर बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस, आईपीएस, एवं देश-विदेश में बड़े-बड़े संस्थानों में सीईवो बनकर कार्य कर रहे हैं। साथ ही अपने विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन करते हुए बच्चे नए ऊंचाइयों को की ओर प्रगति कर रहे हैं। स्कूल एवं अपने माता-पिता का नाम बच्चे रोशन कर रहे हैं। बच्चे अपने अपने कल का प्रदर्शन करते हुए, खेल प्रतियोगिता में भारत के विभिन्न राज्यों एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न प्रतिष्ठानों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। विद्यालय न्यू एजुकेशन पॉलिसी 2020 को अपने स्कूल में इंप्लीमेंट कर रहे हैं। शिक्षक शिक्षिकाओं को सीबीएसई के द्वारा प्रशिक्षण दिलाया जा रहे हैं । सीबीएसई के द्वारा आयोजित सफल परीक्षा का भी आयोजन विद्यालय के द्वारा कराया जा रहा है। इस दौरान शिक्षक शिक्षिकाएं, छात्र छात्राएं एवं अभिभावकगण उपस्थित थे।

# एनसीसी के कैम्प में कैडेट्स ने जाना आग लगने पर कैसे करें रोकथाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

घरेलू गैस सिलेंडर में आग लगने या सार्वजनिक स्थानों पर आगजनी की स्थिति में त्वरित और सही कदम कैसे उठाए जाएं, इसका व्यावहारिक प्रशिक्षण एनसीसी कैडेट्स को दिया गया। यह प्रशिक्षण विद्युत गृह हायर सेकेंडरी स्कूल क्रमांक-1 के खेल मैदान में आयोजित किया गया, जिसमें आग पर नियंत्रण के प्रारंभिक उपायों की विस्तार से जानकारी दी गई। सीजी बटालियन 1 एनसीसी बटालियन द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर बुधवारी में वार्षिक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिसका समापन 28 दिसंबर को किया जाएगा। कैंप कमांडेंट कर्नल सेंथिल कुमार एस के नेतृत्व में कैडेट्स को प्रतिदिन सैन्य प्रशिक्षण के अंतर्गत शस्त्र प्रशिक्षण, फायरिंग, नेविगेशन, टेंट पिचिंग, ड्रिल, मैप रीडिंग सहित अन्य विषयों का अभ्यास कराया जा रहा है। साथ ही मोटिवेशनल एवं सुरक्षा संबंधी व्याख्यान भी नियमित रूप से दिए जा रहे हैं। इसी क्रम में आईपीका कोरबा की फायर फाइटिंग टीम के फायरमैन सुनील कश्यप, प्रेम लहरे, मानसिंह व ध्रुव, सोनुराम साहू, ग्रिजेश एवं प्रेमलाल साहू ने कैडेट्स को आगजनी की स्थिति में सबसे पहले 101 नंबर पर सूचना देने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार की आग में पानी, ठोस कार्बन डाइऑक्साइड या अन्य अग्निशमन उपकरणों का उपयोग करना चाहिए। प्रशिक्षण के दौरान सुरक्षा उपकरणों के प्रयोग की भी जानकारी दी गई।

# शहादत दिवस पर सिख समाज ने निकाला जुलूस



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में गुरुद्वारा श्री दुखहरण साहब से सिख समाज द्वारा शहादत दिवस के अवसर पर जुलूस निकाला गया। यह जुलूस गेवरा–दीपिका क्षेत्र से होकर गुज़रा, जहाँ सर्व समाज के लोगों ने पुष्प वर्षा कर जुलूस का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर सिख धर्म के अमर शहीद छोटे साहबजादे बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह की शहादत को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया गया। जुलूस के दौरान उनकी वीरता, बलिदान और धर्म के प्रति अडिग आस्था को याद करते हुए शोक व्यक्त किया गया। सिख समाज द्वारा यह दिवस हर वर्ष शहादत दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम के माध्यम से साहबजादों के बलिदान से प्रेरणा लेने और भाईचारे, त्याग एवं सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया। जुलूस शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ।

#### सिमगा में मनाया गया वीर बाल दिवस

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिमगा विकासखण्ड-पोड़ीउपरोड़ा में शासन के निर्देशानुसार 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस मनाया गया। संस्था के विद्यार्थियों के मध्य वीर बाल दिवस पर केंद्रित विविध कार्यक्रम एवं चर्चा-परिचर्चा आयोजित की गई। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य सतीश प्रकाश सिंह ने दसवें सिक्ख गुरू गोविन्द सिंह के पुत्रों साहिबजादों बाबा जोरावार सिंह और बाबा फ़तेह सिंह के शहादत को नमन करते हुए विद्यार्थियों को उनके त्याग और बलिदान से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित और सर्व समाज के कल्याण के लिए कार्य करने को प्रेरित किये। कार्यक्रम में प्राचार्य सतीश प्रकाश सिंह एवं विद्यार्थियों ने शहीदों की शहादत को नमन कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की।

### कटघोरा पाली तानाखार विधानसभा स्तरीय बैठक का हुआ आयोजन

# युवा शक्ति ही राष्ट्र निर्माण की धूरी है : विश्व विजय सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा कटघोरा एवं पाली तानाखार विधानसभा स्तरीय बैठक का भव्य आयोजन किया गया। यह महत्वपूर्ण बैठक कोरबा जिले के नवनियुक्त प्रभारी अनिल केशरवानी के मुख्य आतिथ्य एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुई। बैठक में राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल एवं जिला सह प्रभारी बृजेश शुक्ला की उपस्थिति रही। विधानसभा स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य



बैठक को संबोधित करते हुए युवा आयोग के अध्यक्ष।

वक्ता एवं जिले के नवनियुक्त प्रभारी श्री अनिल केशरवानी जी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक अनुशासित और विचारधारा आधारित संगठन है, जहाँ प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही चुनावी सफलता और जनसेवा का आधार है। आगामी समय में संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण, बूथ सशक्तिकरण एवं जनसंपर्क अभियानों को और अधिक प्रभावी एवं तेज करने की आवश्यकता है, ताकि पार्टी की नीतियाँ और सरकार की उपलब्धियाँ जन-जन तक पहुँच सकें। श्री केशरवानी ने कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय, अनुशासन और सक्रियता के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा की ताकत उसकी संगठित कार्यप्रणाली और समर्पित कार्यकर्ता हैं, जिनके बल पर पार्टी निरंतर आगे बढ़ रही है। बैठक को संबोधित करते हुए राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र निर्माण की धुरी है। युवाओं को जागरूकता अभियान, जनसंपर्क और सेवा कार्यों के माध्यम से आगे आना होगा। उन्होंने युवाओं से संगठनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने, सकारात्मक सोच के साथ समाज में परिवर्तन लाने तथा पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को जनता तक पहुँचाने का आह्वान किया। श्री तोमर ने विश्वास जताया कि युवाओं की सक्रिय सहभागिता से सरकार की योजनाएँ धरातल पर प्रभावी रूप से साकार होंगी। कटघोरा एवं पाली तानाखार विधानसभा स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि कार्यकर्ताओं की एकजुटता ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है और इसी सामूहिक शक्ति के बल पर पार्टी निरंतर जनता का विश्वास जीत रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता केवल चुनाव के समय नहीं, बल्कि हर परिस्थिति में जनता के साथ खड़े रहते हैं। केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने में कार्यकर्ताओं की भूमिका सराहनीय रही है। श्री मोदी ने सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत करें, आपसी समन्वय बनाए रखें तथा पार्टी की विचारधारा और विकास कार्यों को जन-जन तक पहुँचाएं।

### आठ लाख से अधिक क्विंटल धान की हुई खरीदी

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खरीफ वर्ष 2025-26 में जिले के 65 धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों से धान की खरीदी की जा रही है। शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी होने से किसानों में हर्ष व्याप्त है। धान खरीदी केंद्रों में जिला प्रशासन द्वारा किसानों की उपज खरीदी के लिए ऑनलाइन टोकन वितरण, बारदाने की उपलब्धता, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन से तौलाई, शीघ्रता से भुगतान आदि की समुचित व्यवस्था की गई है। जिले में 52 हजार से अधिक किसान धान विक्रय के लिए पंजीकृत है। जिले में 26 दिसम्बर शाम 7 बजे तक की स्थिति में 878145.60 क्विंटल गुणवत्तायुक्त धान पंजीकृत किसानों से खरीदी की गई है। जिला प्रशासन द्वारा समितियों से धान का उठाव भी शीघ्रता से कराया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### उप संच स्तरीय सत्संग प्रतियोगिता संपन्न

**कोरबा।** स्वयंसेवी संस्था एकल अभियान देवपहरी के मार्गदर्शन में उप-संच स्तर की सत्संग प्रतियोगिता का आयोजन 25 दिसंबर को विद्यालय परिसर, ग्राम साखो में श्रद्धा, अनुशासन एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रतियोगिता श्री हरि सत्संग समिति के तत्वावधान में आयोजित की गई, जिसमें ग्रामीण अंचल की सत्संग मंडलियों ने अपनी आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रत्येक संच केंद्र के अंतर्गत तीन उप-संच स्तर पर प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही हैं। प्रत्येक उप-संच से चयनित तीन-तीन श्रेष्ठ मंडलियाँ आगे संच केंद्र स्तर पर होने वाली फाइनल प्रतियोगिता में भाग लेंगी। इस प्रकार कुल 9 मंडलियों के बीच संच स्तरीय मुकाबला होगा, जिसमें से 3 उत्कृष्ट मंडलियों का चयन जिला स्तर की प्रतियोगिता हेतु किया जाएगा। जिसमें विद्यालय ग्राम साखो की आयोजन समिति का सराहनीय सहयोग रहा। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं समिति सदस्यों की सक्रिय भूमिका उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संच समिति सचिव कृष्णा कुमार कंवर उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता संच संस्कार समिति के अध्यक्ष सीताराम देवांगन ने की।

### पोटापानी में क्रिकेट कप टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

**कोरबा।** ग्राम पंचायत पोटापानी में युवा समिति के तत्वावधान में आयोजित क्रिकेट कप टूर्नामेंट का उद्घाटन समारोह उत्साह, उमंग और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आपकी गरिमामयी उपस्थिति रही, जहाँ खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल के महत्व पर सारगर्भित विचार व्यक्त किए गए। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि अनुशासन टीम भावना,नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास भी विकसित करता है। ग्रामीण अंचलों में इस प्रकार के आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के साथ-साथ उनकी प्रतिभा को निखारने का सशक्त माध्यम बनते हैं। समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, युवा खिलाड़ी एवं स्थानीय निवासी उपस्थित रहे, जिनकी सहभागिता ने आयोजन को और भी यादगार बना दिया। पूरे ग्राम में खेल उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। आयोजकों ने बताया कि यह क्रिकेट कप टूर्नामेंट न केवल खेल प्रतियोगिता है, बल्कि ग्रामीण युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, अनुशासन सीखने और बड़े सपने देखने की प्रेरणा देने का एक सशक्त प्रयास है। ऐसे आयोजनों से छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में खेल संस्कृति को मजबूती मिलती है और भविष्य के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मंच मिलता है।

### मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में मना वीर बाल दिवस



**कोरबा।** शासकीय मिनी माता कन्या महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। सिख संप्रदाय के दसवें गुरु गोविंद सिंह के वीर साहबजादे के शहादत को याद किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेविकाओं के द्वारा सुंदर पोस्टर बनाया गया एवं नारा लेखन किया गया। कुमारी माधवी द्वारा वीर बाल दिवस के आयोजन पर प्रकाश डाला गया एवं कुमारी उलेश्वरी दास के द्वारा वीर सपूतों का संक्षिप्त जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ.राजेंद्र सिंह के द्वारा वीर सपूतों के कुर्बानी को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.पापिया चतुर्वेदी, डॉ.सरस्वती राव, सुश्री मीनाक्षी शांडिल्य, डॉ.श्रेणी दिवाकर, श्रीमती कल्याणी ध्रुव सहित महाविद्यालय के कर्मचारी एवं स्वयं सेविकाएं उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन कुमारी नम्रता दुबे द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापित रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह तंवर ने दी।

# कड़ाके की सर्दी में जरुरतमंद ग्रामीणों को कंबल स्वेटर का वितरण

**लायंस क्लब कोरबा गुरुकुल एवं एनकेएम का आयोजन**



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

अपने सेवा प्रकल्प के तहत लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल एवं एनकेएम लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा (मड़वारानी) के संयुक्त तत्वावधान में मड़वारानी मंदिर के समीप मुख्य मार्ग में कार्यक्रम आयोजित कर सैकड़ों जरूरत मंदों को स्वेटर, कम्बल एवं अनाज का का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित द इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायंस क्लब्स एमडी 3233 के मल्टीपल काऊंसिल चेयरमेन पीएमजेएफ लायन मनीष शाह, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन विजय अग्रवाल, वीडिजी प्रथम एमजेएफ लायन रिपुदमन पुसरी, वीडिजी द्वितीय लायन पवन मलिक, पीडिजी एमजेएफ लायन बसंत मिश्रा, एमजेएफ लायन राजेंद्र तिवारी, रिजन चेयरमेन एमजेएफ लायन कैलाश गुप्ता, जोन चेयरमेन एमजेएफ लायन पवन अग्रवाल, विद्यालय के चेयरमेन एवं पीडिजी एमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल, विद्यालय के डायरेक्टर आशीष अग्रवाल, क्लब अध्यक्ष लायन सुरेंद्र डनसेना, पूर्व अध्यक्ष लायन मनोज गुप्ता, सचिव दर्शन अग्रवाल एवं कई लायन दिग्गजों ने अपने हाथों से स्वेटर, कम्बल एवं अनाज का वितरण कर सैकड़ों गरीब परिवारों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लायन मनीष शाह ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति में मानवता और करूणता होनी चाहिए, इससे समाज में एकता बढ़ती है। लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल एवं एनकेएम लायंस पब्लिक स्कूल की यह पहल प्रशंसनीय है और ठंड में गरम कपड़ों का वितरण एक मानवीय पहल है। कार्यक्रम के संयोजक एवं लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल के संरक्षक लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि हम लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल के बैनर तले प्रयास करते हैं कि हमारी वजह से कुछ लोगों के अधरों पर मुस्कान बिखरे, इससे हमें आत्मसंतुष्टि मिलती है और अन्य लोगों को प्रेरणा भी। क्लब अध्यक्ष लायन सुरेन्द्र डनसेना ने क्लब की गतिविधियों की जानकारी दी और आभार प्रदर्शन किया।

**30 दिसंबर को उच्च स्तरीय बैठक के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ आंदोलन**

# रोजगार व मुआवजा की मांग को लेकर भूविस्थापितों ने गेवरा महाप्रबंधक कार्यालय का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पोड़ी बाहनपाठ अमगांव के भूविस्थापितों ने वैकल्पिक रोजगार सहित अन्य मांगों को लेकर शुक्रवार को छत्तीसगढ़ किसान सभा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में भूविस्थापितों ने गेवरा महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव किया और अपनी मांगों को लेकर अपनी आवाज बुलंद की। लगभग चार घंटे तक प्रदर्शन का दौर जारी रहा। जिसके उपरांत एसईसीएल के अधिकारियों ने 30 दिसंबर को बिलासपुर के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक का आश्वासन दिया, जिसके उपरांत भूविस्थापितों ने अपना आंदोलन समाप्त किया।

उल्लेखनीय है कि ग्राम पोंडी के भूविस्थापित मनोज राठौर ने एसईसीएल के अधिकारियों से कहा कि नरईबोध, भठोरा, भिलाई बाजार, रलिया, पोंडी, बाहनपाठ एवं अमगांव का अधिसूचना प्रकाशन धारा 9 सभी ग्रामों का एक समान हुआ है। नरईबोध, भठोरा, भिलाई बाजार एवं रलिया के भूविस्थापितों को कंपनी सेक्रेटरी के स्वीकृत मिनट्स 326वां निदेशक बोर्ड मीटिंग के पत्र क्र. 2310 दिनांक 8 अगस्त 2022 के अनुसार बढ़ी हुई मुआवजा राशि का भुगतान किया गया है। पोंडी, बाहनपाठ एवं अमगांव के भूविस्थापितों को उक्त मिनट्स के अनुसार बढ़ी हुई मुआवजा राशि के भुगतान से वंचित किया गया है और एसईसीएल ने हम विस्थापितों को कहा था की छोटे खातेदार जिनके परिवार को स्थाई रोजगार नहीं मिल रहा है उन्हें खदान में होने वाले वैकल्पिक कार्यों में रोजगार प्रदान किया जाएगा, लेकिन उनके गांव के अधिग्रहण के चौदह वर्ष बाद भी प्रबंधन ने रोजगार देने का वायदा पूरा नहीं किया है। छत्तीसगढ़ किसान सभा के जिला सचिव दीपक साहू ने कहा कि एसईसीएल हर जगह किसानों को गुमराह करके जमीन अधिग्रहण कर रहा है और जमीन अधिग्रहण के बाद भू विस्थापित किसान अपने रोजगार, मुआवजा और बसावट के लिए सालों से भटक रहे हैं आगे जल्द गेवरा कुसमुंडा में किसानों को एकजुट कर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। पोंडी, बाहनपाठ एवं अमगांव के भूविस्थापितों ने गेवरा महाप्रबंधक के साथ जिला प्रशासन से भी समस्याओं के समाधान की मांग की थी, लेकिन प्रशासन और प्रबंधन ने समस्याओं के समाधान का कोई प्रयास नहीं किया। इसलिए आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ा और आगे भी समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक पहल नहीं हुआ तो आगे भी उग्र आंदोलन किया जाएगा। जनपद सदस्य नेहा राजेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि आगे समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो खदान विस्तार का काम भी ठप किया जाएगा। एसईसीएल अधिग्रहण के समय झूठे वादे करके जमीन किसानों से ले लेता है और अधिग्रहण के बाद किसानों को अधिकार से वंचित करने के लिए कई नियमों का हवाला देता है। आगे किसानों के पक्ष में अगर ठोस निर्णय प्रबंधन ने नहीं लिया तो उग्र आंदोलन की भी तैयारी है। घेराव में प्रमुख रूप से जनपद सदस्य नेहा राजेन्द्र सिंह तंवर, भूस्थापित सत्य नारायण ठाकुर, मनोज राठौर, रवि राठौर, नारायण दास, चेतन दास, भरत केंवट, प्रणव पांडे, शिव कुमारी, रूपलाल के साथ बड़ी संख्या में भूविस्थापित उपस्थित थे।



प्रदर्शन करते भूविस्थापित।

# अवैध 18 ईंटभट्ठों पर हुई कार्रवाई, 9 लाख ईंट जब्त



कार्यवाही करती हुई प्रशासनिक टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम-हरदीबाजार एवं ग्राम-सुवाभोड़ी में कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशन में अवैध रूप से चल रहे ईंट भट्ठों में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रोहित कुमार सिंह, तहसीलदार हरदीबाजार अभिजीत राजभानू, थाना प्रभारी मृत्युंजय पाण्डेय, राजस्व दल सह पुलिस, पंचायत विभाग के संयुक्त दल द्वारा कार्यवाही की गई जिसमें कुल 18 ईंट भट्ठा मालिकों पर कार्यवाही करते हुये लगभग 9 लाख अवैध ईंट जब्त कर ग्राम पंचायत के सुपुर्द किया गया। कार्यवाही के दौरान ईंट भट्ठों में अवैध बिजली कनेक्शन पाया गया जिस पर विद्युत विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर अवैध बिजली कनेक्शन को जब्त करने की कार्यवाही विद्युत विभाग द्वारा किया गया। अवैध परिवहन में उपयोग लाये जाने वाले वाहन (ट्रैक्टर) को जब्त कर पुलिस थाना के सुपुर्द किया गया। जांच के दौरान हरदीबाजार निवासी राजेश जायसवाल के द्वारा अवैध मिट्टी की खुदाई कर जे.सी.बी. तथा ट्रेक्टर के माध्यम से ईंट भट्ठों में प्रदाय किया जाना लोगों के द्वारा बताया गया, साथ ही अवैध कोयला का उपयोग ईंट भट्ठों में किया जाना पाया गया, जिसके संबंध में थाना प्रभारी द्वारा विधि सम्मत कार्यवाही की जा रही है।

**खास बातें**

- अवैध बिजली कनेक्शन लेकर चला रहे थे अवैध ईंटभट्ठा
- परिवहन में लगे ट्रेक्टर भी किए गए जप्त

# बुधवारी फुट ओव्हरब्रिज में उद्योग मंत्री ने किया प्रकाश व्यवस्था का लोकार्पण



लोकार्पण करते उद्योग मंत्री एवं महापौर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उद्योग मंत्री एवं महापौर ने बुधवारी फुट ओव्हरब्रिज में निगम द्वारा की गई प्रकाश व्यवस्था कार्य का लोकार्पण किया, तो वहीं निहारिका सुभाष चैक एवं सर्वमंगला मंदिर के समीप स्थित वृद्धाश्रम में ऊर्जादक्ष इलेक्ट्रिक हीटर का शुभारंभ भी किया। इस मौके पर मेयर इन काउंसिल सदस्य अजय गोंड़, पार्षद पंकज देवांगन, राकेश वर्मा, नरेन्द्र पाटनवार, आकाश श्रीवास्तव, वैभव शर्मा, कार्यपालन अभियंता राकेश मसीह, सहायक अभियंता विपिन मिश्रा आदि के साथ अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा बुधवारी बाजार से सड़क के दूसरी ओर स्थित पार्किंग तक पहुंचने के लिए मुख्य मार्ग पर पूर्व में फुटओव्हर ब्रिज का निर्माण कराया गया था, किन्तु फुट ओव्हरब्रिज के ऊपर प्रकाश व्यवस्था का अभाव था, ब्रिज में रात्रि के समय अंधेरा रहने से ब्रिज का उपयोग न होने एवं ब्रिज के ऊपर असामाजिक तत्वों द्वारा गलत गतिविधियां करने की संभावना बनी रहती थी। निगम द्वारा उक्त ओव्हरब्रिज में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था का कार्य करते हुए कलर लाईटें स्थापित की गई हैं, गुरूवार की रात उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर ने उक्त प्रकाश व्यवस्था का लोकार्पण किया, उन्होने जैसे ही स्वीच आन किया, वैसे ही सम्पूर्ण फुट ओव्हरब्रिज विभिन्न रंगों के प्रकाश से जगमगा उठा।

**सुभाष चौक एंव वृद्धाश्रम में इलेक्ट्रिक ताप हीटर का शुभारंभ**

उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने निहारिका स्थित सुभाष चैक एवं सर्वमंगला मंदिर के समीप स्थित वृद्धाश्रम में ऊर्जादक्ष इलेक्ट्रिक हीटर का शुभारंभ किया। नगर निगम द्वारा एक सराहनीय पहल करते हुए इस ठिठुरन भरी ठंड से लोगों को राहत दिलाने के लिए बिजली से चलने वाले एवं ऊर्जा दक्ष इलेक्ट्रिक ताप हीटर शहर के प्रमुख चैक-चैराहों, सार्वजनिक स्थानों, वृद्धाश्रम, आश्रय स्थलों, रैनबसेरा आदि में स्थापित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गुरूवार की रात्रि सुभाष चैक में ऊर्जा दक्ष इलेक्ट्रिक हीटर का शुभारंभ उद्योग मंत्री के द्वारा किया गया।

# पूरे प्रदेश में किसानों को धान बेचने में करना पड़ रहा अनेक समस्याओं का सामना : जयसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण करते पूर्व मंत्री।

धान खरीदी केन्द्रों में किसानों की बढ़ती समस्याओं को देखते हुए पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने दादर एवं सुमेधा, नागिनभांठा धान खरीदी केन्द्र के व्यवस्था का निरीक्षण किया। दादरखुर्द धान खरीदी केन्द्र के व्यवस्था का निरीक्षण के दौरान किसानों की परेशानियों को प्रत्यक्ष रूप से देखकर पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि पूरे प्रदेश में किसानों को धान बेचने में अनेकों समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। किसानों को उनकी उपज के उचित मुल्य एवं समय पर खरीदी और सुचारू प्रबंधन का लाभ नहीं मिल रहा है। इसी केन्द्र में उपस्थित किसानों ने पूर्व मंत्री अग्रवाल को बताया कि यहां तौल में गड़बड़ी हो रही है। यहां पर पर्याप्त मात्रा में टोकन नहीं दिया जा रहा है। नकटीखार निवासी निर्मल सिंह कंवर नामक किसान ने बताया कि उसके पास 50 क्विंटल धान है जबकि उनको मात्र 12 क्विंटल धान बेचने के लिए टोकन दिया जा रहा है ऐसे में मैं कहां जाउं।

पूर्व मंत्री श्री अग्रवाल उक्त धान खरीदी केन्द्र के प्रबंधक जमाल खान से केन्द्र में पर्याप्त व्यवस्था और तौल में हो रही गड़बड़ी के संबंध मे जानकारी ली। किसानों ने बताया कि उन्हें धान बेचने में दिक्कत आ रही है। तौल में भी हेराफेरी हो रही है। पर्याप्त मात्रा में धान नहीं खरीदा जा रहा है। कई किसानों का रकबा कम कर दिया गया है जिस पर प्रबंधकों ने श्री अग्रवाल को बताया कि उठाव कम होने के कारण धान खरीदी में दिक्कत आ रही है। पूर्व मंत्री श्री अग्रवाल ने खाद्य अधिकारी एस के कंवर से बात कर व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने को कहा तब श्री कंवर ने बताया कि सुचारू संचालन के लिए निर्देश दिये गये हैं। श्री अग्रवाल ने कहा आपके निर्देश का पालन नहीं हो रहा है मैं आपका इंतजार कर रहा हूं आप आकर यहां की व्यवस्था देखें और गड़बड़ियां है उसे तत्काल दूर करें। श्री अग्रवाल ने कहा कि मेहनत और खुन पसीने से उपज करने वाले किसानों के साथ कुछ गलत ना हो उन्हें शासन के योजना का पूरा और न्याय संगत लाभ मिले। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय दाना-दाना धान खरीदा जाता था।




**29 से 31 दिसंबर तक 11 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर रहेंगे अधिकारी, कर्मचारी**

# तीन दिन कलम बंद हड़ताल की तैयारी में जुटा अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा मोदी की गारंटी को अमल में लाने को लेकर 29 से 31 दिसंबर तक तीन दिनों तक कलम बंद काम बंद हड़ताल पर जिले के सभी विभागों के कर्मचारी अधिकारी शामिल होंगे।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा छत्तीसगढ़ के शासकीय विभागों में कार्यरत लगभग 5 लाख कर्मचारियों के हितों के संरक्षण एवं 11 सूत्रीय मांगों को लेकर सरकार को पूर्व मे अनेक माध्यमों से अवगत कराती रही है किंतु सरकार की उदासीनता के कारण मांगे पूरी नहीं होने पर छत्तीसगढ़ के कर्मचारी अधिकारी हताश हैं जिससे लंबित महंगाई भत्ते का एरियर भुगतान, कैशलेस सुविधा, सेवानिवृत्ति की आयु में वृद्धि, अर्जित अवकाश नगदीकरण में बढ़ोत्तरी, चार स्तरीय वेतनमान, विभिन्न विभागों के वेतन विसंगति, पूर्व सेवा अवधि सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर 29 से 31 दिसंबर तक प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में हड़ताल आयोजित है इसी कड़ी में जिले में कार्यरत कर्मचारियों अधिकारियों को हड़ताल में शामिल करने फेडरेशन के पदाधिकारियों द्वारा लगातार खंड कार्यालय एवं जिला मुख्यालयों के विभिन्न विभागों के कार्यालय में कर्मचारियों अधिकारियों से संपर्क कर हड़ताल में शामिल होने आवेदन भराया गया है, कर्मचारियों अधिकारियों के द्वारा हड़ताल में शामिल होने उत्साह के साथ आवेदन भरे गए हैं, फेडरेशन के प्रमुख पदाधिकारी के.आर डहरिया जगदीश खरे, तरुण सिंह राठौड़, ओम प्रकाश बघेल, प्रकाश खाकसे द्वारा बताया गया कि 29 से 31 दिसंबर तक तीन दिनों तक तानसेन चौक आईटीआई बालको रोड में जिले के कर्मचारी अधिकारियों द्वारा हड़ताल में शामिल होकर धरना प्रदर्शन किए जाएंगे।



ज्ञापन सौंपते हुए फेडरेशन के पदाधिकारी।

**पटवारी संघ भी होगा हड़ताल में शामिल**

अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन की हड़ताल में राजस्व पटवारी संघ ने भी शामिल होने का निर्णय लिया है। फेडरेशन के 11 सूत्रीय मांगों का समर्थन करते हुए संघ के अध्यक्ष मुकेश वर्मा ने बताया कि 29 से 31 दिसंबर तक जिले के समस्त पटवारी अवकाश पर रहते हुए आंदोलन में शामिल होंगे। संघ के द्वारा इस संबंध में अवकाश के लिए कलेक्टर को पत्र भी सौंप दिया है। जिले में 12 तहसील व उप तहसील संचालित हैं जिनके हल्का पटवारियों के हड़ताल पर जाने के कारण सीमांकन और अन्य कार्य 3 दिन तक प्रभावित रहेंगे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780